अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम 2011 द्वारा स्थापित राज्य विश्वविद्यालय)
ग्राम–मुगालिया कोट, (सूखी सेवनिया) विदिशा रोड, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष – 0755–2558606, वेब स्थल : www.abvhv.org

क्रमांक/अकादमी/अबिवाहिविवि/2024/1093 भोपाल,दिनांक 29/04/24

प्रवेश–सूचना

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल के शैक्षणिक विभागों में संचालित स्नातकोत्तर, स्नातक, स्नातकोत्तर पत्रोपाधि, पत्रोपाधि एवं प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। एम.पी.ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। ऑफलाइन अथवा अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन पत्र भरने की प्रारंभ तिथि 01 मई, 2024 तथा अंतिम तिथि 20 मई, 2024 तक रहेगी। प्रवेश हेतु आवेदन करने का शुल्क 500/– मात्र है। अधिक जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट : www.abvhv.edu.in तथा एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल https://abvhv.mponline.gov.in एवं mponline.gov.in पर देखें।

विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात् आवेदन प्रपत्र की दो प्रतियाँ डाउनलोड कर हार्डकॉपी (मूलप्रति) विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ जमा करेंगे। प्रपत्रों की छायाप्रतियों का विश्वविद्यालय द्वारा मूल दस्तावेजों के साथ मिलान कर सत्यापन करना होगा। विभाग प्रभारी द्वारा सत्यापन के प्रमाणीकरण की पुष्टि के पश्चात प्रवेश सुनिश्चित होगा।

आदेशानुसार
(शैलेन्द्र कुमार जैन)
कुलसचिव

पृ.क्रमांक/अकादमी/अबिवाहिविवि/2024/1094 भोपाल,दिनांक 29/04/24

:प्रतिलिपिः

1. माननीय कुलपतिजी के निजी सचिव के माध्यम से कुलपतिजी को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निजी सहायक की ओर सूचनार्थ।
3. एम.पी. ऑनलाइन, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, अबिवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. परीक्षा नियंत्रक, अबिवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
6. लेखा अधिकारी, अबिवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
7. आईसीटी/वेबसाइट प्रभारी, अबिवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
8. प्रभारी अकादमी/स्थापना/गोपनीय/परीक्षा शाखा अबिवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
9. निदेशक, अध्ययन केंद्र अबिवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
10. सूचना पटल।

(डॉ. नीलम सिंह)
प्रभारी अकादमी